## विश्व के प्राकृतिक प्रदेश

1. प्राकृतिक प्रदेशों को प्रभावित करने वाला सबसे महत्वपूर्ण कारक है–
(अ) जलवायु (ब) स्थल रूप
(स) मिट्टी (द) वनस्पति
उत्तर : (अ)

2. विश्व का प्राकृतिक प्रदेषों में बाँटने का प्रथम प्रयास किसने किया ?
(अ) हरबर्टसन (ब) व्हीटिल्सी
(स) टेलर (द) हार्टशोर्न
उत्तर : (अ)

3. हरबर्टसन के प्राकृतिक प्रदेशों के विभाजन का आधार था–
(अ) प्राकृतिक वनस्पति (ब) स्थल रूप
(स) जलवायु (द) वर्षा तथा वनस्पति
उत्तर : (स)

4. किसी प्राकृतिक प्रदेश में समरूपता होती है–
(अ) जलवायु और प्राकृतिक वनस्पति की
(ब) जलवायु और व्यवसाय की
(स) मृदा और जल निकास की
(द) आर्थिक और प्रजातियों की
उत्तर : (अ) SSC 2010

5. सामान्यतः विश्व को कितने प्राकृतिक प्रदेशों में विभाजित किया गया है ?
(अ) 8 (ब) 10
(स) 11 (द) 12
उत्तर : (द)

6. किस प्राकृतिक प्रदेश को 'आलस्य का प्रदेश' कहा जाता है ?
(अ) विषुवतीय प्रदेश (ब) सवाना प्रदेश
(स) मानसूनी प्रदेश (द) भूमध्यसागरीय प्रदेश
उत्तर : (अ)

7. विषुवतीय प्रदेश को अन्य किस नाम से जाना जाता है ?
(अ) वृद्धिशील प्रदेश
(ब) उद्यमशील प्रदेश
(स) क्षीणकारक प्रदेश
(द) अवरूद्ध विकास का प्रदेश
उत्तर : (स)

8. निम्नलिखित में से कौनसा प्राकृतिक प्रदेश 'सिनकोना' के उत्पादन की दृष्टि से महत्वपूर्ण स्थान रखता है ?
(अ) सवाना प्रदेश (ब) भूमध्यसागरीय प्रदेश
(स) मानसूनी प्रदेश (द) विषुवतीय प्रदेश
उत्तर : (द)

9. किस प्रदेश में पूरे साल वर्षा होती है ?
(अ) भूमध्यसागरीय (ब) विषुवतीय
(स) उष्णकटिबंधीय (द) शीतोष्ण
उत्तर : (ब) SSC 2010

10. निम्नलिखित में किस प्राकृतिक प्रदेश में सबसे कम तापान्तर पाया जाता है ?
(अ) विषुवतीय प्रदेश (ब) भूमध्यसागरीय प्रदेश
(स) मानसूनी प्रदेश (द) टुन्ड्रा प्रदेश
उत्तर : (अ)

11. कांगो घाटी में किस प्रकार की जलवायु पायी जाती है ?
(अ) मानसूनी (ब) भूमध्यसागरीय
(स) विषुवतीय (द) उपध्रुवीय
उत्तर : (स)

12. विषुवत रेखा के दोनों ओर 5° उत्तर तथा 5° दक्षिण के बीच कौनसा क्षेत्र पाया जाता है ?
(अ) मानसूनी (ब) मरूस्थलीय
(स) विषुवतीय (द) सवाना
उत्तर : (स)

13. अमेजन बेसिन किस प्राकृतिक प्रदेश में स्थित है ?
(अ) पश्चिमी यूरोपीय प्रदेश
(ब) विषुवतीय प्रदेश
(स) टैगा प्रदेश
(द) भूमध्यसागरीय प्रदेश
उत्तर : (ब)

14. किस प्राकृतिक प्रदेश में वनस्पतियों की सर्वाधिक विविधता देखने को मिलती है ?
(अ) मानसूनी प्रदेश (ब) विषुवतीय प्रदेश
(स) भूमध्यसागरीय प्रदेश (द) सवाना प्रदेश
उत्तर : (ब)

15. विषुवतीय प्रदेश में वर्षा कब होती है ?
(अ) गर्मी में (ब) जाड़े में
(स) सालों भर (द) कभी नहीं
उत्तर : (स)

16. सेल्वा वन कहाँ मिलते हैं ?
(अ) विषुवतीय प्रदेश में
(ब) मानूसनी प्रदेश में
(स) भूमध्यसागरीय प्रदेश में
(द) टैगा प्रदेश में
उत्तर : (अ)

17. रबड़ किस प्राकृतिक प्रदेश की उपज है ?
(अ) शीतोष्ण तृण प्रदेश (ब) विषुवतीय प्रदेश
(स) भूमध्यसागरीय प्रदेश (द) प्रेयरी प्रदेश
उत्तर : (ब)

18. किस प्राकृतिक प्रदेश को 'गर्म पेटी' के रूप में जाना जाता है ?
(अ) विषुवतीय प्रदेश
(ब) सवाना प्रदेश
(स) भूमध्यसागरीय प्रदेश
(द) मानसूनी प्रदेश
उत्तर : (अ)

19. विषुवतीय प्रदेशों में वर्ष भर तापमान उच्च रहता हे, क्योंकि–
(अ) इस प्रदेश में समुद्री हवाएं प्रवाहित होती है
(ब) विषुवत रेखा के दोनों ओर विस्तार है जिससे सूर्य वर्ष भर सीधा चमकता है, जिससे तापमान ऊँचा रहता है
(स) इस प्रदेश में गर्म आँधियां चलती है जो तापमान को उच्च कर देती है
(द) इनमें से कोई नहीं
उत्तर : (ब)

20. विषुवतीय प्रदेश के निवासियों को अमेजन में रेड इंडियन, श्रीलंका में वेदा तथा न्यू गिनी में पैपुआ कहा जाता है। इनको कांगो बेसिन में क्या कहते हैं ?
(अ) पिग्मी (ब) पूनन
(स) सेमांग (द) सकाई
उत्तर : (अ)

21. बागानी कृषि की दृष्टि से सर्वाधिक महत्वपूर्ण प्राकृतिक प्रदेश है–
(अ) भूमध्यसागरीय प्रदेश
(ब) विषुवतीय प्रदेश
(स) मानसूनी प्रदेश
(द) सवाना प्रदेश
उत्तर : (ब)

22. विषुवतीय प्रदेशों में बागानी कृषि की दृष्टि से महत्वपूर्ण है–
(अ) कांगो बेसिन (ब) अमेजन बेसिन
(स) मध्य अमेरिका (द) दक्षिण–पूर्वी एशिया
उत्तर : (द)

23. विषुवतीय प्रदेश में घनी जनसंख्या नहीं मिलने का कारण है–
(अ) खनिज भंडार का अभाव
(ब) पर्वतीय भूमि की अधिकता
(स) उपयुक्त जलवायु का अभाव
(द) हाथियों की अधिकता
उत्तर : (स)

24. रोपण कृषि किस प्राकृतिक प्रदेश में की जाती है ?
(अ) विषुवतीय प्रदेश (ब) सवाना प्रदेश
(स) भूमध्यसागरीय प्रदेश (द) मानसूनी प्रदेश
उत्तर : (अ)

25. किस प्राकृतिक प्रदेश को 'विकास का प्रदेश' कहा जाता है ?
(अ) सवाना प्रदेश (ब) विषुवतीय प्रदेश
(स) मानसूनी प्रदेश (द) भूमध्यसागरीय प्रदेश
उत्तर : (स)

26. किस प्राकृतिक प्रदेश में मौसमी वर्षा होती है ?
(अ) भूमध्यसागरीय प्रदेश
(ब) मानसूनी प्रदेश
(स) विषुवतीय प्रदेश
(द) प्रेयरी प्रदेश
उत्तर : (ब)

27. ग्रीष्मकालीन वर्षा का प्रदेश है–
(अ) मानसूनी प्रदेश
(ब) भूमध्यसागरीय प्रदेश
(स) विषुवतीय प्रदेश
(द) पश्चिमी यूरोपीय प्रदेश
उत्तर : (अ)

28. विश्व में सबसे अधिक वर्षा का स्थान किस प्राकृतिक प्रदेश में स्थित है ?
(अ) विषुवतीय प्रदेश में
(ब) मानसूनी प्रदेश में
(स) शीतोष्ण तृण प्रदेश में
(द) पश्चिमी यूरोपीय प्रदेश में
उत्तर : (ब)

29. दक्षिण–पूर्वी एशिया के अधिकांश देश किस प्राकृतिक प्रदेश के अंतर्गत आते हैं ?
(अ) शीतोष्ण कटिन्धीय तृण प्रदेश
(ब) मानसूनी प्रदेश
(स) उष्ण मरुस्थलीय प्रदेश
(द) सवाना प्रदेश
उत्तर : (ब)

30. किस देश में मानसूनी प्रदेश का विस्तार नहीं पाया जाता है ?
(अ) ऑस्ट्रेलिया (ब) मैडागास्कर
(स) फिलीपिंस (द) मलेशिया
उत्तर : (द)

31. मानसूनी प्रदेश को कहा जाता है–
(अ) वृद्धिशील प्रदेश
(ब) उद्यमशील प्रदेश
(स) क्षीणकारक प्रदेश
(द) अवरुद्ध विकास का प्रदेश
उत्तर : (अ)

www.rajstudents.com

32. निम्नलिखित में से कौनसा देश मानसूनी जलवायु प्रदेश के अंतर्गत नहीं आता है ?
(अ) श्रीलंका (ब) कम्बोडिया
(स) म्यांमार (द) लाओस
उत्तर : (अ)

33. निम्नलिखित में कौनसा देश मानसूनी प्रदेश अंतर्गत नहीं आता है ?
(अ) फिलीपिंस (ब) थाईलैंड
(स) कीनिया (द) भारत
उत्तर : (स)

34. कोपेन ने अपने जलवायु वर्गीकरण में मानसूनी जलवायु को किस संकेत के माध्यम से प्रस्तुत किया है ?
(अ) Aw (ब) Am
(स) Af (द) Dw
उत्तर : (ब)

35. निम्नलिखित में से किस जलवायु की उत्पत्ति स्थायी हवाओं के स्थानांतरण के कारण होती है ?
(अ) मानसूनी (ब) विषुवतीय
(स) भूमध्यसागरीय (द) प. यूरोपीय
उत्तर : (अ)

36. मानसूनी प्रदेश के अधिकांश निवासियों के जीवन का मुख्य आधार है–
(अ) उद्योग (ब) पशुपालन
(स) खनिज उत्खनन (द) कृषि
उत्तर : (द)

37. उष्ण मानसूनी प्रदेश का विस्तार है–
(अ) दोनों गोलार्द्धों में 0 डिग्री – 10 डिग्री अक्षांशों के मध्य
(ब) दोनों गोलार्द्धों में 5 डिग्री – 30 डिग्री के अक्षांशों के मध्य 10
(स) दोनों गोलार्द्धों में 5 डिग्री – 30 डिग्री अक्षांशों के मध्य
(द) उत्तरी गोलार्द्धों में 5 डिग्री – 30 डिग्री अक्षांशों के मध्य
उत्तर : (स)

38. उष्ण मानसूनी प्रदेश का सर्वाधिक विस्तार है–
(अ) एशिया (ब) अफ्रीका
(स) उत्तर अमेरिका (द) दक्षिण अमेरिका
उत्तर : (अ)

39. मानसूनी प्रदेशों में सर्वाधिक वर्षा होती है–
(अ) पूर्वोत्तर भारत में
(ब) पूर्वी संयुक्त राज्य अमेरिका में
(स) अफ्रीका का पूर्वी तटीय भाग
(द) दक्षिणी–पूर्वी एशिया
उत्तर : (अ)

40. विश्व में सर्वाधिक वर्षा का स्थान 'मासिनराम' किस प्राकृतिक प्रदेश में स्थित है ?
(अ) विषुवतीय प्रदेश (ब) भूमध्यसागरीय प्रदेश
(स) सवाना प्रदेश (द) मानसूनी प्रदेश
उत्तर : (द)

41. सागवान (Teak) तथा सखुआ (Sal) किस प्राकृतिक प्रदेश में पाए जाने वाले प्रमुख पेड़ है ?
(अ) विषुवतीय प्रदेश (ब) भूमध्यसागरीय प्रदेश
(स) सवाना प्रदेश (द) मानसूनी प्रदेश
उत्तर : (द)

42. वर्षा की अनिश्चितता ने किस प्राकृतिक प्रदेश के मानव को भाग्यवादी बना दिया है ?
(अ) विषुवतीय प्रदेश
(ब) मानसूनी प्रदेश
(स) भूमध्यसागरीय प्रदेश
(द) प्रेयरी प्रदेश
उत्तर : (ब)

43. निम्नलिखित में से कौनसे वर्ग में मानसूनी प्रदेश है ?
(अ) यू.एस.ए., कनाडा, मैक्सिको, इक्वेडोर
(ब) भारत, बांग्लादेश, म्यांमार, थाईलैंड
(स) श्रीलंका, जापान, ऑस्ट्रेलिया, अंटार्कटिका
(द) कनाडा, उत्तरी चीन, ईरान, ईराक
उत्तर : (ब)

44. ऋतु के अनुसार पवन की दिशा में परिवर्तन किस प्राकृतिक प्रदेश की विशेषता है ?
(अ) मानसूनी प्रदेश (ब) विषुवतीय प्रदेश
(स) स्टेपी प्रदेश (द) शीतोष्ण तृण प्रदेश
उत्तर : (अ)

45. कौनसा प्राकृतिक प्रदेश 'विकसित प्रदेश' के नाम से जाना जाता है ?
(अ) प. यूरोपीय (ब) विषुवतीय
(स) भूमध्यसागरीय (द) टैगा
उत्तर : (स)

46. कौनसा प्राकृतिक प्रदेश फलों के उत्पादन के किस प्रसिद्ध है ?
(अ) विषुवतीय (ब) मानसूनी
(स) भूमध्यसागरीय (द) समशीतोष्ण
उत्तर : (स)

47. किस प्राकृतिक प्रदेश में शीतकालीन वर्षा होती है ?
(अ) मानसूनी (ब) भूमध्यसागरीय
(स) सेंट लारेंसीय (द) टैगा
उत्तर : (ब)

48. भूमध्यसागरीय जलवायु की प्रमुख विशेषता है–
(अ) अधिक वार्षिक तापान्तर
(ब) शुष्क शीत ऋतु
(स) आर्द्र ग्रीष्म ऋतु
(द) आर्द्र शीत ऋतु
उत्तर : (द)

49. भूमध्यसागरीय जलवायु क्षेत्रों में जाड़े की ऋतु में वर्षा किस कारण से होती है ?
(अ) संवहन धाराओं के कारण
(ब) जाड़ों में निम्न दबाव के कारण
(स) लौटते हुए मानसून के कारण
(द) स्थानीय वायु व्यवस्था के कारण
उत्तर : (ब)

50. निम्न में से कौनसा जलवायु प्रदेश फलों तथा शराब निर्माण के लिए विश्वविख्यात है ?
(अ) मानसूनी (ब) भूमध्सागरीय
(स) भूमध्यरेखीय (द) स्टेपी
उत्तर : (ब)

51. कोपेन की Cs जलवायु मिलती है–
(अ) भूमध्यसागरीय क्षेत्र में
(ब) मध्य अक्षांशीय मरुस्थल में
(स) मध्य अक्षांशीय कोणधारी वन में
(द) उपोष्ण मरुस्थलों में
उत्तर : (अ)

52. दक्षिणी अमेरिका का मध्य चिली उदाहरण है–
(अ) विषुवतरेखीय प्रदेश का
(ब) सवाना प्रदेश का
(स) भूमध्यसागरीय प्रदेश का
(द) टैगा प्रदेश का
उत्तर : (स)

53. भूमध्यसागरीय जलवायु नहीं पायी जाती है–
(अ) कैलिफोर्निया (ब) अल्जीरिया
(स) साइप्रस (द) मेडागास्कर
उत्तर : (द)

54. आभ्यांतरिक प्रकार का मौसम पाया जाता है–
(अ) फ्लोरिडा में (ब) कैलिफोर्निया में
(स) मध्य चीन में (द) हंगरी में
उत्तर : (ब) MPPSC 2009

55. भूमध्यसागरीय जलवायु नहीं पायी जाती है–
(अ) कैलिफोर्निया (ब) बोलीविया
(स) पर्थ (द) केपटाउन
उत्तर : (ब)

56. अंगूर एवं रसीले फलों तथा गेहूं की फसल के लिए जाना जाता है–
(अ) शीतोष्ण कटिन्धीय क्षेत्र
(ब) उष्ण कटिन्धीय क्षेत्र
(स) भूमध्यसागरीय क्षेत्र
(द) स्टेपी क्षेत्र
उत्तर : (स)

57. जैतून, ओक तथा कार्क के वृक्ष किस वनस्पति क्षेत्र से संबंधित है ?
(अ) भूमध्यरेखीय प्रदेश (ब) मानसूनी प्रदेश
(स) भूमध्यसागरीय प्रदेश (द) टैगा प्रदेश
उत्तर : (स)

58. भूमध्यसागरीय क्षेत्र किसकी खेती में विशेषता रखता है ?
(अ) नारियल (ब) कॉफी
(स) चाय (द) निम्बू कुल के फल
उत्तर : (द)

59. म्हाद्वीपों के पश्चिमी किनारों पर 45° से 60° अक्षांशों के बीच निम्नलिखित में से कौनसी जलवायु पायी जाती है ?
(अ) शीत समुद्रीय (ब) पश्चिमी यूरोप तुल्य
(स) मंचूरिया तुल्य (द) भूमध्यसागरीय
उत्तर : (द)

60. भूमध्यसागरीय जलवायु निम्न में से किस फसल की कृषि के लिए सर्वाधिक उपयुक्त है ?
(अ) चावल (ब) गेहूं
(स) रसीले फल (द) दलहन
उत्तर : (स)

61. भूमध्यसागरीय प्रदेश को कहा जाता है–
(अ) वृद्धिशील प्रदेश
(ब) उद्यमशील प्रदेश
(स) क्षीणकारक प्रदेश
(द) अवरुद्ध विकास का प्रदेश
उत्तर : (ब)

62. किस प्राकृतिक प्रदेश को 'प्रयास का प्रदेश' कहा जाता है ?
(अ) मानसूनी प्रदेश (ब) पश्चिमी यूरोपीय प्रदेश
(स) सवाना प्रदेश (द) भूमध्यसागरीय प्रदेश
उत्तर : (ब)

63. चैपरल नामक झाड़ियाँ निम्नलिखित में से किस प्रदेश में पायी जाती है ?
(अ) कैलिफोर्निया के भूमध्यसागरीय प्रदेश में
(ब) कैलिफोर्निया के मरुस्थलीय प्रदेश में
(स) एंडीज पर्वत के पूर्वी ढाल पर
(द) एंडीज पर्वत के पश्चिमी ढाल पर
उत्तर : (अ)

www.rajstudents.com

64. भूमध्यसागरीय प्रदेश की झाड़ियों को निम्नलिखित में से किस नाम से जाना जाता है ?
(अ) मोंटाना (ब) कटांगा
(स) मैक्विस (द) अकेंसिया
उत्तर : (स)

65. अंगूर से शराब बनाने का उद्योग किस प्राकृतिक प्रदेश में महत्वपूर्ण है ?
(अ) मानसूनी प्रदेश में
(ब) भूमध्यसागरीय प्रदेश में
(स) विषुवतीय प्रदेश में
(द) शीतोष्ण तृण प्रदेश में
उत्तर : (ब)

66. निम्नलिखित में से किस प्राकृतिक प्रदेश को 'विश्व का चिड़ियाघर' के नाम से जाना जाता है ?
(अ) मानसूनी प्रदेश (ब) सवाना प्रदेश
(स) विषुवतीय प्रदेश (द) भूमध्यसागरीय प्रदेश
उत्तर : (ब)

67. निम्नलिखित में से किस प्राकृतिक प्रदेश को 'बड़े शिकारों का प्रदेश' के नाम से भी जाना जाता है ?
(अ) विषुवतरेखीय प्रदेश (ब) सवाना प्रदेश
(स) मानसूनी प्रदेश (द) पश्चिमी यूरोपीय प्रदेश
उत्तर : (ब)

68. संसार में सबसे अधिक भेड़ें किस प्राकृतिक प्रदेश में मिलते हैं ?
(अ) पश्चिमी यूरोपीय प्रदेश
(ब) टैगा प्रदेश
(स) प्रेयरी प्रदेश
(द) भूमध्यसागरीय प्रदेश
उत्तर : (स)

69. निम्नलिखित में से कौनसा एक 'विश्व का ब्रेड बास्केट (रोटी का डलिया)' कहा जाता है ?
(अ) मानसूनी प्रदेश
(ब) भूमध्यसागरीय प्रदेश
(स) शीतोष्ण घास प्रदेश
(द) सवाना घास प्रदेश
उत्तर : (स)

70. आर्थिक दृष्टि से सर्वाधिक विकसित प्राकृतिक प्रदेश है—
(अ) भूमध्यसागरीय प्रदेश
(ब) भूमध्यरेखीय प्रदेश
(स) पश्चिमी यूरोपीय प्रदेश
(द) सेंट लारेंस तुल्य
उत्तर : (स)

71. किस प्राकृतिक प्रदेश को 'प्रयास का प्रदेश' या 'परिश्रम का प्रदेश्ज्ञ' कहा जाता है ?
(अ) सवाना प्रदेश (ब) भूमध्यसागरीय प्रदेश
(स) मानसूनी प्रदेश (द) पश्चिमी यूरोपीय प्रदेश
उत्तर : (द)

72. किस प्राकृतिक प्रदेश में सबसे अधिक दैनिक तापमान पाया जाता है ?
(अ) टैगा प्रदेश
(ब) मानसूनी प्रदेश
(स) उष्ण मरुस्थलीय प्रदेश
(द) विषुवतीय प्रदेश
उत्तर : (स)

73. उष्ण मरुस्थलीय प्रदेश के संबंध में निम्न में स कौनसा कथन असत्य है ?
(अ) यह मुख्यतः महाद्वीपों के पश्चिमी सीमांतों पर स्थित है
(ब) विश्व में सबसे अधिक तापमान इसी प्रदेश्ज्ञ में मिलता है
(स) विश्व के सभी प्राकृतिक प्रदेशों में यहाँ सर्वाधिक वार्षिक तापान्तर पाया जाता है
(द) इस प्रदेश में स्थायी माव बसाव केवल मरूद्यानों में ही देखने को मिलते हैं
उत्तर : (स)

74. बुशमेन, बद्दू आदि जनजातियाँ किस प्राकृतिक प्रदेश में पाए जाते हैं ?
(अ) शीतोष्ण मरुस्थल (ब) उष्ण मरुस्थल
(स) टुंड्रा प्रदेश (द) टैगा प्रदेश
उत्तर : (ब)

75. विश्व का सबसे गर्म प्रदेश स्थित है—
(अ) भूमध्यरेखीय प्रदेश (ब) भूमध्यसागरीय प्रदेश
(स) चीन तुल्य प्रदेश (द) सहारा तुल्य प्रदेश
उत्तर : (द)

76. मृत घाटी स्थित है—
(अ) सहारा मरुस्थल में (ब) कालाहारी मरुस्थल में
(स) कैलिफोर्निया में (द) अरब में
उत्तर : (स)

77. सहारा प्रदेश में धूल—दानव है—
(अ) प्रातः काल चलने वाली तीव्र आँधी
(ब) धूल से युक्त हवा
(स) बालुका स्तूपों का खिसकाव
(द) धूल भरी वर्षा
उत्तर : (अ)

78. उष्ण मरुस्थल प्रदेश के संबंध में निम्नलिखित में से कौनसा कथन असत्य है ?
(अ) इसका विस्तार महाद्वीपों के पश्चिमी भाग में 15 डिग्री से 30 डिग्री अक्षांशों के बीच पाया जाता है
(ब) इस प्रदेश में दैनिक तापान्तर की तुलना में वार्षिक तापान्तर अधिक होता है
(स) इसे सतत कठिनाईयों का प्रदेश कहा जाता है
(द) इस प्रदेश में जीरोफाइट प्रकार की वनस्पति पायी जाती है
उत्तर : (ब)

79. किस प्राकृतिक प्रदेश में मानव को अत्यधिक संघर्षमय जीवन व्यतीत करना पड़ता है ?
(अ) तृणभूमि प्रदेश में
(ब) पश्चिमी यूरोपीय प्रदेश में
(स) विषुवतीय प्रदेश में
(द) उष्ण तथा शीत मरुस्थल प्रदेश में
उत्तर : (द)

80. विश्व का सबसे बड़ा मरुस्थल किस प्राकृतिक प्रदेश में स्थित है ?
(अ) उष्ण मरुस्थलीय प्रदेश
(ब) भूमध्यरेखीय प्रदेश
(स) स्टेपी प्रदेश
(द) भूमध्यसागरीय प्रदेश
उत्तर : (अ)

81. निम्नलिखित में से कौनसा प्राकृतिक प्रदेश केवल उत्तरी गोलार्द्ध में पाया जाता है ?
(अ) भूमध्यसागरीय प्रदेश
(ब) स्टेपी प्रदेश
(स) टैगा प्रदेश
(द) उष्ण कटिबंधीय मरुस्थल
उत्तर : (स)

82. शंकुधारी या कोणधारी वन किस प्राकृतिक प्रदेश में मिलते हैं ?
(अ) टुंड्रा प्रदेश (ब) मानसूनी प्रदेश
(स) टैगा प्रदेश (द) भूमध्यसागरीय प्रदेश
उत्तर : (स)

83. विश्व में सर्वाधिक कागज तैयार करने वाला देश कनाडा किस प्राकृतिक प्रदेश में स्थित है ?
(अ) भूमध्यसागरीय प्रदेश
(ब) मानसूनी प्रदेश
(स) टैगा प्रदेश
(द) सवाना प्रदेश
उत्तर : (स)

84. निम्नलिखित में से कौनसा कथन टैगा प्रदेश के सम्बन्ध में सत्य है ?
(अ) यह प्रदेश यूरेशिया और उत्तर अमेरिका में 45 डिग्री से 70 डिग्री उत्तरी अक्षांशों के बीच एक चौड़ी पट्टी के रूप में विस्तृत है
(ब) इस प्रदेश की वनस्पति कोणधारी या शंकुधारी वन है
(स) लकड़ी काटना (लम्बरिंग) इस प्रदेश का मुख्य व्यवसाय है
(द) उपर्युक्त सभी
उत्तर : (द)

85. विश्व के किस प्राकृतिक प्रदेश में सर्वाधिक वार्षिक तापान्तर पाया जाता है ?
(अ) विषुवतरेखीय प्रदेश (ब) भूमध्यसागरीय प्रदेश
(स) टुंड्रा प्रदेश (द) टैगा प्रदेश
उत्तर : (द)

86. निम्नलिखित में से किन क्षेत्रों में टुन्ड्रा प्रदेश का विस्तार पाया जाता है ?
(अ) अलास्का, ग्रीनलैंड, आइसलैंड एवं उत्तरी साइबेरिया
(ब) फॉकलैंड, जायरे, ब्राजील एवं ऑस्ट्रेलिया
(स) फॉकलैंड, आइसलैंड, अलास्का एवं न्यूजीलैंड
(द) कनाडा, नार्वे, जापान एवं न्यूजीलैंड
उत्तर : (अ)

87. निम्नलिखित में से किस प्राकृतिक प्रदेश में वनस्पतियों के नाम पर केवल काई या फफूंदी पायी जाती है ?
(अ) भूमध्यसागरीय प्रदेश
(ब) मरुस्थलीय प्रदेश
(स) टुन्ड्रा प्रदेश
(द) टैगा प्रदेश
उत्तर : (स)

88. एस्किमो किस प्राकृतिक प्रदेश के निवासी है ?
(अ) टैगा प्रदेश (ब) पश्चिमी यूरोपीय प्रदेश
(स) टुन्ड्रा प्रदेश (द) सवाना प्रदेश
उत्तर : (स)

89. किस प्राकृतिक प्रदेश्ज्ञ में गर्मी की ऋतु में सूर्य कभी अस्त नहीं होता है ?
(अ) टैगा प्रदेश (ब) टुन्ड्रा प्रदेश
(स) सवाना प्रदेश (द) पश्चिमी यूरोपीय प्रदेश
उत्तर : (ब)

90. किस प्राकृतिक प्रदेश को 'शीत मरुस्थल (कोल्ड डिजर्ट)' कहा जाता है ?
(अ) टैगा प्रदेश (ब) टुन्ड्रा प्रदेश
(स) सवाना प्रदेश (द) भूमध्सागरीय प्रदेश
उत्तर : (ब)

www.rajstudents.com

91. कौनसा प्राकृतिक प्रदेश सालों भर हिमाच्छादित रहता है ?
(अ) टुन्ड्रा प्रदेश (ब) टैगा प्रदेश
(स) प्रेयरी प्रदेश (द) सवाना प्रदेश
उत्तर : (अ)

92. सूची–I का सूची–II से सुमेलित कीजिए :
सूची–I
A. भूमध्यसागरीय प्रदेश
B. मानसूनी प्रदेश
C. उष्ण मरुस्थलीय प्रदेश
D. विषुवतीय प्रदेश
सूची–II
1. वृद्धिशील प्रदेश
2. उद्यमशील प्रदेश
3. क्षीणकारक प्रदेश
4. अवरुद्ध विकास प्रदेश
(अ) A – 1, B – 2, C – 3, D - 4
(ब) A – 2, B – 1, C – 4, D - 3
(स) A – 4, B – 3, C – 2, D - 1
(द) A – 1, B – 2, C – 4, D - 3
उत्तर : (ब)

93. सूची–I का सूची–II से सुमेलित कीजिए :
सूची–I
A. विषुवतीय प्रदेश
B. सवाना प्रदेश
C. मानसूनी प्रदेश
D. पश्चिमी यूरोपीय प्रदेश
सूची–II
1. आलस्य का प्रदेश
2. बड़े शिकारों का प्रदेश
3. विकास का प्रदेश
4. प्रयास का प्रदेश
(अ) A – 1, B – 2, C – 3, D - 4
(ब) A – 2, B – 1, C – 4, D - 3
(स) A – 4, B – 3, C – 2, D - 1
(द) A – 1, B – 2, C – 4, D - 3
उत्तर : (अ)

94. पेंग्विन पक्षी किस प्राकृतिक प्रदेश में पाए जाते हैं ?
(अ) भूमध्यसागरीय प्रदेश
(ब) भूमध्यरेखीय प्रदेश
(स) पश्चिमी यूरोपीय प्रदेश
(द) टुन्ड्रा प्रदेश
उत्तर : (द)

95. उत्तरी अमेरिका तथा उत्तरी यूरेशिया के आर्कटिक वृत्त क्षेत्र में पड़ने वाले वृक्षहीन मैदान को क्या कहा जाता है ?
(अ) सवाना (ब) स्टेपी
(स) प्रेयरी (द) टुन्ड्रा
उत्तर : (द)

www.rajstudents.com